दिनांक–04.06.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :–

- अब से कुछ देर बाद होगी लोकसभा चुनाव की मतगणना।
- 52 जिला मुख्यालयों पर होगी प्रदेश के 29 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना।
- भोपाल इंदौर सहित कई शहरों में मतगणना के परिणाम और रूझान दिखाने के लिये की गई विशेश व्यवस्था।
- प्रदेश में गर्मी से मिली राहत। कई स्थानों पर हुई बूंदाबांदी।

लोकसभा चुनाव/मतगणना

लोकसभा चुनाव की मतगणना आज आठ बजे से शुरू होगी। मतगणना के लिये देशभर में सभी जरूरी इंतजाम किये गये हैं। डाकमत पत्रों की गिनती के आधा घंटे बाद ईव्हीएम से वोटों की गिनती का काम शुरू होगा। कुछ देर बाद रूझान मिलने शुरू हो जाएंगे। चुनाव के रुझान और परिणाम चुनाव आयोग की वेबसाइट **results.eci.gov.in** तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी देखे जा सकेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कल नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा चुनाव में 64 करोड से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। श्री कुमार ने कहा कि यह संख्या सभी जी–7 देशों– अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ गुना है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 31 करोड से ज्यादा महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो दुनिया में अब तक सबसे ज्यादा है।

मतगणना–प्रदेश

प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों पर अब से कुछ देर बाद वोटो की गिनती शुरू होगी। पेश है हमारे  संवाददाता की एक रिपोर्ट :

वीसी–संजीव शर्मा

मध्यप्रदेश में लोकसभा की 29 सीटों पर मतगणना का दायित्व 22 हजार 595 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी संभालेंगे। प्रदेश में ईवीएम से गणना के लिए 3 हजार 883 टेबल तथा पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए 242 टेबल लगाई गई हैं। प्रदेश में लोकसभा चुनावों के चारों चरणों में बुजुर्गो,दिव्यांगों और सर्विस वोटर ने कुल मिलाकर एक लाख 26 हजार 542 मतदाताओं ने घर से या डाक के जरिये मतदान किया है. इन सभी पोस्टल बैलेट की गिनती सबसे पहले होगी। मतगणना स्थल पर त्रि–स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

केंद्रीय सुरक्षा बलों की 18 और एसएएफ की 45 कंपनियां लगी हैं। साथ ही जिला पुलिस बल के 10 हजार से अधिक जवान सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किये गये हैं। चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त 116 प्रेक्षक पहले ही मतगणना स्थलों पर पहुँच गये हैं। –संजीव शर्मा,आकाशवाणी समाचार,भोपाल

<u>डिस्प्ले वॉल–भोपाल</u>

लोकसभा चुनाव की मतगणना के परिणाम व रूझान देखने के लिये भोपाल के 10 प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले वॉल की व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन मतगणना के रूझान एवं परिणाम आसानी से देख सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भोपाल शहर में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, अरेरा हिल्स, निर्वाचन सदन, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, डीबी मॉल–एमपी नगर, ऑशिमा मॉल–होशंगाबाद रोड, औरा मॉल–शाहपुरा, मुख्य रेलवे स्टेशन भोपाल और 10 नम्बर मार्केट में बेक एण्ड शेक के पास, डिपो चौराहा भदभदा रोड, वल्लभ भवन–मंत्रालय एवं लाल घाटी चौराहा पर मतगणना के रूझान एवं परिणाम डिस्प्ले वॉल के माध्यम से प्रदर्शित किये जायेंगे। मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट **https://results.eci.gov.in** और वोटर हेल्पलाइन एप पर भी देखे जा सकेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अलावा **https://ceomadhyapradesh.nic.in/** पर भी मतगणना के परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।

<u>मतगणना–इंदौर</u>

इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए अब से कुछ देर बाद मतगणना जिला मुख्यालय नेहरु स्टेडियम में शुरु हो रही है। यहां 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिनके लिए 15 लाख 58 हजार 343 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां की तैयारियों के बारे में चर्चा करते हैं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह रघुवंशी से –

<u>मतगणना तैयारियां–प्रदेश</u>

प्रदेश में मतगणना के लिये व्यापक तैयारियां की गई हैं। राज्य के 29 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 52 जिला मुख्यालयों पर की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना स्थलों पर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही प्रत्याशियों के प्रतिनिधि पहुंच गये हैं। हमारे भोपाल संवाददाता ने बताया कि भोपाल संसदीय क्षेत्र की मतगणना पुरानी जेल परिसर में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियां की जा चुकी हैं। मतगणना के दिन संपूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। खंडवा में स्थानीय नवीन आदर्श महाविद्यालय में होने वाली मतगणना के लिये सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। धार के पालीटेक्निक कॉलेज में मतगणना की व्यापक तैयारियां की गई हैं। गुना एवं राजगढ़ की चारों विधानसभाओं की मतगणना का कार्य शासकीय पी.जी. कॉलेज गुना में किया जायेगा।

डाक मत पत्रों की गणना निर्वाचन अधिकारी के मुख्यालय क्रमशः शिवपुरी एवं राजगढ़ में होगी। उज्जैन, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, राजगढ़, डिंडोरी, विदिशा, पन्ना, देवास, मंदसौर, शहडोल, बालाघाट, बैतूल, छिंदवाड़ा, जबलपुर, रीवा, सतना, सीधी में अब से कुछ देर बाद मतगणना का कार्य शुरू होगा।

<u>सर्वोच्च न्यायालय निर्देश</u>

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह भीषण गर्मी और पानी की भारी मांग के बीच राजधानी दिल्ली में जल संकट से निपटने के लिए दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के साथ ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की आपात बैठक आयोजित करे। न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने यह बैठक पांच जून को करने का निर्देश दिया है। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 6 जून को निर्धारित करते हुए कहा कि बैठक की कार्रवाई और सभी संबंधित राज्यों द्वारा सुझाए गए उपायों की जानकारी भी पीठ के समक्ष रखी जाए। सर्वोच्च न्यायालय में पिछले हफ्ते दाखिल दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सुनवाई हो रही थी जिसमें वजीराबाद बैराज के माध्यम से हिमाचल प्रदेश का अतिरिक्त जल छोडे जाने के लिए हरियाणा सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया था।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में पिछले दिनों तेज गर्मी से कुछ हद राहत मिली है। नौतपा के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। पिछले दो दिनों से कई जिलों में आंधी की स्थिति बनी तो बादल भी छाए रहे। राजधानी भोपाल में भी बूंदाबांदी के बाद पारा लुढ़क गया है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर गरज–चमक, आंधी और बारिश का ऑरेंज–यलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————